## सार-समाचार

### मलेरिया क्रेश कार्यक्रम शुरू

**बालोतरा**, (निसं)। मौसमी बीमारियों और मलेरिया रोकथाम को लेकर मलेरिया क्रेश कार्यक्रम अभियान के तहत प्रथम चरण 1 अप्रैल से 14 मई तक घर घर एन्टी लार्वा गतिविधियां अभियान को शुरू किया गया। सीएमएचओ डॉ. वांकाराम चौधरी ने बताया कि खंड स्तर पर उक्त अभियान के निरीक्षण के लिए टीमों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि मौसमी बीमारियों मलेरिया, मलेरिया रोकथाम हेतु आशा, एएनएम एवं नर्सिंग स्टूडेंट की टीम बनाकर सर्वे एवं एन्टी लार्वा गतिविधियों का आयोजन तथा ब्लड स्लाइड लेकर उपचार व परामर्श संबंधी आवश्यक कार्यवाही टीमों द्वारा की जा रही है। मलेरिया निरीक्षक ओंकार सिंह व रतनाराम के द्वारा सुपरविजन किया जा रहा है। जिला कार्य म अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त क्षेत्र में आशा, एएनएम व सीएमओ टीमों का गठन किया गया है, जो क्षेत्र में एन्टी लार्वा गतिविधियों का क्रियान्वयन एवं सर्वे का कार्य करेगी। सीएमएचओ डॉ. वांकाराम चौधरी ने आमजन से अपील की है कि अभियान में आमजन भी विभागीय कर्मियों का सहयोग कर उनका साथ दें। आस पास के गड्ढो, नालियों, बेकार पडे खाली डिब्बो, पानी की टंकियो, गमलो, टायर, ट्यूब आदि में पानी एकत्रित नही होने दे, चूँकि आमतोर पर यह मच्छर साफ पानी में जल्दी पनपता है, सप्ताह में एक बार पानी की टंकी, मटके, ड्रम, कूलर आदि को खाली कर सुखावें और फिर पानी भरे। खिडकियो दरवाजो में जालियां लगवाने तथा मच्छरदानियो का प्रयोग करे या मच्छर निवारक क्रीम सरसों के तेल आदि का प्रयोग करें, बच्चो को मच्छर के काटने से बचायें। उन्हें दिन के समय पूरी बांह वाले कपड़े पहनाकर रखे। चिकित्सा विभाग द्वारा कीटनाशको का छिडकाव हो रहा है इसमें सहयोग करें।

### परिवेदनाओं का निस्तारण करें : डॉ. गावंडे

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त हुए प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी प्राप्त परिवेदनाओं का निस्तारण न्यूनतम समय में गुणवत्तापूर्ण समाधान करते हुए परिवादियों को राहत प्रदान करें। जिला कलैक्टर ने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के संतुष्टिपूर्वक समाधान करने के उपरांत परिवादियों से बातचीत कर उनसे फीडबैक लेने की बात कही। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी सहित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

### कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने ज्ञापन दिया

**जालोर**, (कासं) । हाल ही में राजस्थान राज्य सरकार ने वाइस प्रिंसिपल के पद को डाइंग कैडर घोषित करने का फैसला लिया है, जिसके तहत इस पद को धीरे-धीरे समाप्त करने की योजना है। इस निर्णय के खिलाफ शिक्षक संगठनों ने कडा विरोध जताया है। अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष किशनलाल सारण ने बताया कि यह कदम शिक्षकों के हितों के खिलाफ है और इससे स्कूलों में प्रशासनिक व्यवस्था पर भी नकारात्मक असर पडेगा। शिक्षा विभाग के इस फैसले के तहत वाइस प्रिंसिपल के स्थान पर वरिष्ठ व्याख्याता जैसे नए पदों का सृजन किया गया है, लेकिन संगठनों का मानना है कि इससे पुराने ढांचे को नुकसान होगा और शिक्षकों के प्रमोशन के अवसर भी प्रभावित होंगे। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के जिला अध्यक्ष रामनिवास साहू ने इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन की चेतावनी दी है।यह विवाद उस समय सामने आया है जब शिक्षक समुदाय पहले से ही विभिन्न मांगों को लेकर सरकार से चर्चा में जुटा हुआ है। संगङ्गनों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन को तेज करेंगे। इस मुद्दे पर सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन यह मामला शिक्षक समुदाय में चर्चा का विषय बना हुआ है। सारण ने बताया की नई शिक्षा नीति को केंद्र सरकार ने लागू किया उसमें वाइस प्रिंसिपल का पदसर्जित होते हुए भी राज्य सरकार के द्वारा खत्म किया जा रहा है जिसका संगठन घोर विरोध करता है, समय रहते यदि सरकार ने निर्णय को वापस नहीं लिया तो पूरे राजस्थान में आंदोलन किया जाएगा।

### मनमानी रॉयल्टी वसूलने का आरोप

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर के विकास कार्यों में लगने वाले पीले पत्थर पर रॉयल्टी ठेकेदार मनमानी रॉयल्टी वसूल रहा है। इसके विरोध में ठेकेदार एसोसिएशन के बैनर तले मंगलवार को जिले के ठेकेदारों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि मेसेनरी स्टोन को लेकर रॉयल्टी ठेकेदार मनमानी रॉयल्टी वसूल रहा है और ट्रक ड्राइवरों को धमका कर बदसलूकी कर रहा है। कलेक्टर को ज्ञापन देकर ठेकेदार एसोसिएशन ने पुरानी दरों को तय करने की मांग की है। मांगे नहीं माने जाने पर ठेकेदारों द्वारा आपसी समझौता कर रॉयल्टी की दरे निर्धारित करने की मांग की गई। अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी गई। साथ ही ही विकास कार्यों के बहिष्कार की चेतावनी भी दी। जैसलमेर ठेकेदार एसोसिएशन के नखतसिंह भाटी ने बताया कि स्टोन की एक्सिस रॉयल्टी माइनिंग के प्रावधान के अनुसार एक्स्ट्रा राशि का ठेका हुआ है, लेकिन हमारे सरकारी कामों में नियमानुसार 3 प्रतिशत रॉयल्टी रंनिग बिलों के अनुसार संबंधित विभाग द्वारा काट दी जाती है। लेकिन यह रॉयल्टी 3 प्रतिशत के अलावा सरकार द्वारा थोपी गई है। जो कि ठेकेदार द्वारा माइनिंग नियमों के द्वारा एक्सिस रॉयल्टी के रूप में वसूल की जाती है।

### राज्य बीमा दावों का ऑनलाइन निस्तारण

**पाली**, (नि.सं.)। राज्य सरकार एवं विभाग के निर्देशानुसार एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक सेवानिवृत्त होने वाले राज्य कर्मचारियों का बीमा दावो का निस्तारण 31 मार्च तक पूर्ण तय किया गया। उप निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के हरिहर सिंह ने बताया कि राज्य कर्मचारी जिनकी सेवानिवृति 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य हैं। तथा जिनकी राज्य बीमा पालिसी 01 अप्रैल 2025 को परिपक्व हुई है। उनके ऑनलाईन प्राप्त दावों का निस्तारण इस कार्यालय द्वारा 581 दावो का शत प्रतिशत निस्तारण करते हुए राशि 66 करोड़ 05 लाख 11 हजार 850 रूपये का भुगतान बीमेदारों के बैंक खातों में सीधे ही स्थानान्तरित करने की कार्यवाही की गई। सभी दावों का निस्तारण पेपरलेस व्यवस्था के तहत ऑनलाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर द्वारा कलेक्टर कार्यालय में परिपक्वता के ऑनलाइन प्राप्त एवं निस्तारित 581 दावों का बटन दबाकर भुगतान अठोषित किया गया एवं उपस्थित कार्मिको को भविष्य में भी इसी प्रकार राज्य कर्मचारियों के बीमा, जीपीएफ तथा अन्य कार्य को समय पर संपादित करने के निर्देश प्रदान किये गए।

### मंत्री कन्हैयालाल का सिरोही दौरा आज

**जालोर**, (कासं)। राज्य के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग मंत्री कन्हैयालाल 2 अप्रेल को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, सिरोही में सिरोही एवं जालोर जिलों की विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे। प्राप्त कार्यक्रमानुसार राज्य के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग के मंत्री कन्हैयालाल 2 अप्रेल, बुधवार को प्रातः 7 बजे बांसवाड़ा से रवाना होकर वाया सागवाड़ा-डूंगरपुर होते हुए दोपहर 2 बजे सिरोही पहुँचेंगे तथा दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सिरोही में सिरोही एवं जालोर जिलों की विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे।

### सांचौर की 10 पंचायतों में फॉलोअप कैम्प

**जालोर**, (कासं)। एग्रीस्टैक योजना के तहत सांचौर तहसील की 10 ग्राम पंचायतों में फॉलोअप शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत सांचौर तहसील में 1 से 4 अप्रेल तक डांगरा, दांतिया, बिछावाड़ी, गोलासन, कारोला, पमाना, विरोल बड़ी, कोड़ व लाछीवाड़ में तथा 1 से 6 अप्रेल तक सांचौर में फॉलोअप कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में बदलाव

**बालोतरा**, (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में ०1 अप्रैल से बदलाव किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक नितिन गहलोत ने जानकारी दी।

# खेलो इंडिया राष्ट्रीय वूशु के लिए जालोर के खिलाड़ी रवाना

**जालोर**, (कासं)। गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी में 2 से 7 अप्रैल तक होने वाली खेलो इंडिया राष्ट्रीय वूशु प्रतियोगिता के लिए जिले की 4 महिला वूशु फाइटर का चयन हुआ है। प्रतियोगिता अस्मिता खेलो इण्डिया वूशु लीग के नाम से आयोजित हो रही है।

जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि भारतीय वूशु संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले की कुल 8 महिला वूशु खिलाडियों का चयन हुआ था, लेकिन 4 खिलाड़ियों के बोर्ड की परीक्षा होने के कारण जालोर की 4 महिला खिलाड़ी राजस्थान वूशु संघ का प्रतिनिधित्व करेंगी। जिनमें सब जूनियर वर्ग में मित्तल 27 किलो वजन वर्ग में, तनीषा गुर्जर 39 किलो वजन वर्ग में व खुशी शर्मा 48 किलो वजन वर्ग में भाग लेंगी। वही जूनियर 60 किलो भार वर्ग में सुनीता चौधरी राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी।



जालोर से महिला वुशू खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने गुजरात रवाना हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

गौरतलब है कि सुनीता चौधरी ने अभी हाल ही में जालोर जिले को वूशु खेल में सीनियर वर्ग का पहला स्वर्ण पदक दिलवाया है। जालोर टीम के साथ कोच के रूप में दुष्यन्त राव होंगे। चारों खिलाड़ियों व टीम कोच का सुंदेलाव तालाब स्थित आर्य वीर दल की हनुमान व्यायामशाला में सोमवार शाम माल्यार्पण कर मुंह मीठा करवाकर, पुष्पवर्षा के साथ मंगलकामना करते हुए विदाई दी गई।

इस दौरान कोच पुष्पेंद्र परमार, कोच देवेश आर्य, कोच भावेश कुमार, सुरेश शर्मा,राजेश कुमार, रमेश कुमार, अर्पित गोदारा सहित वूशु खिलाड़ी मौजूद थे।

# अन्तिम व्यक्ति तक जल पहुंचे : डॉ. गुंजन सोनी

**बालोतरा**, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ. गुंजन सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ. गुंजन सोनी ने राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक जल पहुंचाने एवं गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति को सुनिश्चित करने को कहा। ताकि जिले में किसी भी प्रकार के पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने अवैध रूप से किए गए नल कनेक्शन को काटने और लीकेज समस्या पर पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जल विभाग द्वारा जल माफिया के विरूद्ध की गई कार्यवाही की प्रशंसा की। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए।

उन्होने कहा कि चिकित्सा विभाग हीटवेव की पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करते हुए जिले के समस्त अस्पतालों में दवाइयों, जांचों, उपकरणों सहित सभी चिकित्सा सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर परिषद को निर्देश दिये कि नालों की सफाई समय रहते कर ली जाए ताकि बरसात के दौरान गंदा पानी जमा होने की दिक्कत ना आए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. सोनी ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वांकाराम चौधरी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी संदीप देवात, पीएचईडी के अधीशाषी अभियंता बाबूलाल मीणा, जोधपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता सोनाराम पटेल, नगर परिषद आयुक्त जितेन्द्र चौकीदार, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नितिन गहलोत, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र सिंह, जिला रसद अधिकारी हजारी लाल आलोरिया, जिला परिवहन अधिकारी भगवान गहलोत समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मीणा समाज का गौतम ऋषि मेला 13 से शुरू होगा

**जालोर/सिरोही**, (कासं)। पश्चिमी राजस्थान में मीणा समाज का सबसे बड़ा गौतम ऋषि महादेव का वार्षिक मेला सिरोही में पोसालिया के पास चोटिला की पहाड़ियों में 13 अप्रैल से शुरू होगा। गौतम ऋषि ट्रस्ट मीणा समाज अध्यक्ष रताराम मीणा आमलिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पंडित के मेला मुहूर्त के अनुसार मेले में 13 अप्रैल को मेलार्थियों का आगमन होगा। 14 को मेला परवान पर रहेगा और 15 अप्रैल को विसर्जित होगा। मेले को मीणा समाज के लोग त्यौहार के रूप में मनाते हैं।

शिवगंज तहसील क्षेत्र के चोटिला गांव के पास सुकडी नदी में करीब तीन किमी की दूरी तक यह मेला भरता है। मेले के दिन शुभ मुहूर्त तक सुकली नदी में गंगा के पानी की धारा फूटती है, जिसमें मीणा जाति के लोग अपने पूर्वजों की अस्थियां विसर्जित करते हैं। परंपरानुसार मेले की संपूर्ण व्यवस्था समाज के पंच ही करते हैं एवं वर्दीधारी पुलिस के प्रवेश पर पाबंदी रहती है। मेले में इस बार गंगा मैया के आगमन का मुहूर्त 14 अप्रैल को अलसुबह 4.55 बजे होगा। मंदिर के पास नदी के अंदर ही गंगा कुंड है, जिसमें 14 अप्रैल को गंगा अवतरण होगा। इस कुंड में मीणा समाज के लोग मंत्रोच्चारण के साथ अपने पूर्वजों की अस्थियां विसर्जित करेंगे। यह परंपरा कई वर्षो से चली आ रही है। मान्यता है कि तपस्वी गौतम ऋषि के बुलावे पर स्वयं गंगा माता ने प्रकट होकर मेले के दिन आने का वरदान दिया था, तब से आज तक इस मेले में शुभ मुहूर्त पर गंगा का प्रवाह होता है। वहीं किसी भी वर्दीधारी पुलिस अधिकारी व सिपाही को मेले में प्रवेश नहीं दिया जाता है। इसके बावजूद भी मेले की पूरी व्यवस्था अनुशासित रहने की वजह यह है कि मेले में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी समाज के परगनावार पंचों के हाथों में होती है।

मेले में 13 अप्रैल से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाता है। करीब तीन किमी की दूरी पर भरने वाले इस मेले में 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मीणा जाति के लोग परंपरागत वेशभूषा से सज-धज कर आते है और वे गौतम बाबा के मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना करते है। मेला स्थल पर हाट बाजार में मीणा समाज के युवक अलग-अलग दलों में छाते के नीचे भूरिया बाबा के लोकगीत गाते व नाचते हैं। गौतम ऋषि ट्रस्ट के अध्यक्ष रताराम मीणा ने बताया कि मीणा समाज के कुल देवता श्री गौतम ऋषि महादेव का लक्की मेला 13 अप्रैल से शुरू होगा। इस तीन दिवसीय मेले के दूसरे दिन यानी 14 अप्रैल को अलसुबह गंगा मैय्या का अवतरण होगा। जिसमें मीणा समाज के लोग विधि विधान के साथ अपने पूर्वजों की अस्थियों का विसर्जन करेंगे। मीणा समाज यह मेला सांस्कृतिक और सामाजिक वार्षिक उत्सव की तरह होता है। इस मेले में वर्षो पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए मीणा समाज के लोग अपनी एताइयों (अस्थाई बसेरों) में अपने रिश्तेदारों, मित्रों तथा विशेषकर जवाइयों की मेहमान नवाजी करते हैं। इस दौरान उनके स्वागत एवं सम्मान में महिलाएं व युवतियां लोकगीत गाती हैं। इस अवसर पर मीणा समाज के लोग अपने जवान लडके-लडकियों के शादी के रिश्ते भी तय करते हैं। एताइयों पर रिश्तेदारों, जवाइयों व मित्रों को भोजन, मिष्ठान, सुरमा की मनुहार की जाती है।

गौतम ऋषि ट्रस्ट मीणा समाज के अध्यक्ष रताराम मीणा ने बताया कि मेले को लेकर आयोजन कमेटी के साथ तैयारियों में जुट गई। गंगा अवतरण का मुहूर्त 4.55 बजे से 6.10 बजे तक है। मेलार्थियों की सुविधा को लेकर पूर्ण ध्यान रखा जा रहा है।



जालोर में राजस्थान दिवस पर प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं करवाने के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी के नेतृत्व में कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

# खेजड़ला की ढाणी मादलपुरा में समाज सुधार के निर्णय लिए

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के पास खेजड़ला की ढाणी मादलपुरा में सोमवार शाम को मांगलिया समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें समाज के अंदर शादी समारोह और मृत्यु भोज की नियम विरुद्ध पुरानी परंपराएं और कुरीतियों को बंद करने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया।

ईदुल उल फितर पर हाजी गनी मोहम्मद रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर,सायर खा रिटायर्ड पुलिस चालक, आलम खान रिटायर्ड रेलवे सर्विस, माधु खा रिटायर्ड बीएसएनएल सर्विस, हजूर खान रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर, यासीन खान जलदाय विभाग, शमशेर खान जलदाय विभाग, मलिर खां ,बरकत खान अध्यापक, सतार खान अध्यापक,नासीर मोहम्मद अध्यापक, अनवर खान इंडियन एयर फोर्स, खेमे खां रेलवे सर्विस, जातियान मांगलिया ने जिला जालोर, पाली, जोधपुर, बीकानेर ,फलोदी जैसेलमेर बालोतरा बाडमेर के मांगलिया बिरादरी तथा अन्य समुदायों द्वारा समाज में फैली कुरीतियों को ओर मृत्यु भोज मादक पदार्थ आदि को बंद करने की कार्यवाही से प्रेरित होकर खेजडला की ढाणी के मंगलिया बिरादरी के समस्त बुजुर्गों तथा युवाओं ने पहल कर एक मत होकर समाज में शादी समारोह, मृत्यु पश्चात की कुरीतियों को बंद करने के निर्णय लिए हैं।

बैठक में अध्यापक भंवरू खान , पुलिस विभाग चालक जबरुदीन , सीएमचओ ऑफिस चालक जान मोहम्मद , रमजान खान सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## सुरेश सिसोदिया अध्यक्ष बने

**पाली**, (नि.सं.)। मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज के चुनाव में सुरेश सिसोदिया 80 बोट से जीतकर अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

चुनाव अधिकारी अंबालाल सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष छगनलाल गहलोत के नेतृत्व में चुनाव में सिसोदिया को 117 और संपत मेवाड़ा को 37 वोट मिले। मतगणना के बाद समाज के लोगों ने सुरेश सिसोदिया का साफा माला पहना स्वागत किया। इस अवसर पर चंपालाल सिसोदिया, रामकिशन मेवाड़ा, तेजकरण, सुरेंद्र सहित समाज बंधु मौजूद रहे।

# नागाणा धाम में आज होंगे कई कार्यक्रम

**जोधपुर**, (नि.सं.)। नागाणा स्थित नागणेच्चिया माताजी मंदिर व मंदिर परिसर में बुधवार 2 अप्रेल को नागाणा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महाराजा गज सिंह के मुख्य आतिथ्य में कई कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रमो में ट्रस्ट उपाध्यक्ष हेमलता राज्ये भी शरीक होंगी।

ट्रस्टी महामंत्री मेजर जनरल शेर सिंह ने बताया कि 2 अप्रेल को दोपहर 12:32 बजे नागाणा मंदिर परिसर में जन सहयोग से निर्मित होने जा रहे राजपूत विश्राम गृह का पूर्व महाराजा गज सिंह द्वारा शिलान्यास किया जाएगा। 2 अप्रेल को 12.40 बजे के बाद गज सिंह द्वारा मंदिर परिसर के पास निर्मित राजपुरोहित समाज धर्मशाला का उद्घाटन किया जाएगा।

मंदिर परिसर में सोलर एनर्जी प्लांट का दोपहर 1 बजे उद्घाटन किया जाएगा। नागणेच्चा मंदिर में 2 अप्रेल को दोपहर 3 बजे के बाद हवन होगा जिसमें गज सिंह व हेमलता राज्ये बैठेंगे। मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश व ध्वजा चढ़ाई जाएगी।

# वरिष्ठजन झीतड़ा गांव पहुंचे

**पाली**, (नि.सं.)। वरिष्ठ नागरिक समिति की आज (मंगलवार) को बैठक का आयोजन डॉ रामलाल मोहबारशा की अध्यक्षता में झीतड़ा गांव ठाकुर जी (द्वारकाधीश) की नगरी झीतड़ा में हुई।

झीतड़ा रामद्वारा से महंत वासुदेव महाराज ने कहा कि स्वयं भगवान कृष्ण होली के दूसरे दिन झीतड़ा गांव में विराजते हैं और आसपास के ग्रामीणों के साथ होली का आनंद लेते हैं। ऐसी लोक मान्यता है कि जब ठाकुर जी गांव में विराजते हैं तो यहां पर तालाब का पानी 8-9 इंच बढ़ जाता है। कृष्ण भक्त कुबाजी महाराज के दर्शन किए। कुवा महाराज का प्रारंभिक नाम केवल चंद था और कृष्ण भक्ति में लीन होने के कारण शरीर से विकलांग हो गए थे। वरिष्ठ नागरिक समिति महामंत्री नरपत सिंह कुंपावत ने बताया कि प्रभारी दिनेश दवे ने बहुत ही व्यवस्थित रूप से यात्रा का प्रबंध किया। उनकी सहायता के लिए रोहट क्षेत्र के संयोजक गणपत लाल दवे, मदनलाल व्यास ने मदद की। महंत वासुदेवाचार्य महाराज के आदेश पर झीतड़ा में वरिष्ठ नागरिक समिति की 33 वीं शाखा खोली गई और शाखा अध्यक्ष छतर सिंह चंपावत को बनाया। झीतड़ा के मेद सिंह चंपावत आदि ग्रामीण मौजूद थे ।प्रभारी दिनेश दवे ने बताया कि झीतड़ा के मंदिर तालाब छतरियां व ठाकुर जी का विश्राम स्थल आदि के दर्शन किए। वापसी में लुण सिंह राठौड़ (चंपावत) ने दूदिया गांव में दर्शनीय स्थलों स्मारक व महादेव मंदिर के दर्शन करवाए। मदन लाल व्यास के नेतृत्व में सभी लोगों ने बगड़िया गांव स्थित तपेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन लाभ लिया व जलपान ग्रहण किया। इसके पश्चात पाली के लिए प्रस्थान किया ।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवरत्न मल गुप्ता, नूतन बाला कपिला , पुष्पा परिहार, कृष्ण चंद्र जोशी, ताराचंद जैन ,सज्जन सिंह बोराणा, सुवालाल पेड़ीवाल, धनसिंह बडगूजर, पीसी शाह, लक्ष्मण सिंह ,कमल जी शर्मा, हंसा राम चौधरी, घीसालाल, शांतिलाल पोकरणा , गौतम चंद यति, बाबूलाल अग्रवाल, श्याम सिंह पवार आदि यात्रा में साथ थे।

# मंत्री जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर में जनसुनवाई की



पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर में आवास पर आमजन की समस्याएं सुनी। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। कैबिनेट व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने आज मंगलवार को सुमेरपुर में अपने आवास पर आमजन की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने आमजन की विभिन्न समस्याओं को सुना और कहा कि आमजन की समस्याओं का निराकरण जल्द होना चाहिये। इस अवसर पर आमजन मौजूद रहे।

इसके साथ ही आज सांडेराव में राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सालय में व्यवस्थाओ के लिए जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने एवं चिकित्सालय की व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पशु चिकित्सालय के कार्मिक मौजूद रहे।

## नीट क्लॉसेज शुरू

**रानीवाड़ा**, (नि.सं.)। मालवाड़ा रेलवे ओवरब्रिज के पास सरस्वती विद्या मंदिर में नीट क्लॉसेज का शुभारंभ समारोह गजीपुरा महंत प्रेमभारती महाराज के सानिध्य और बाड़मेर जिले के अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्रसिंह के मुख्य आतिथ्य में किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निदेशक तरूण गहलोत ने नीट क्लासेज संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक डॉक्टर किशनलाल जोशी, रानीवाड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश आंजणा, बडगांव भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवंत राजपुरोहित व रानीवाड़ा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वरधाराम माली भी शामिल हुए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुरिया पंचायत समिति, जालोर**

क्रमांक/ग्रांपम /मनरेगा /2025-26 /01 दिनांक: 01/04/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26**

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत रायपुरिया के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 शेष की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामगी एवं उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो /संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित /ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है ।

**NIB No. - ZJR2526A0001**
**UBN No. - ZJR2526GLOB00001**

सरपंच/ प्रशासक, ग्राम पंचायत,रायपुरिया, पंचायत समिति जालोर

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, रायपुरिया, पंचायत समिति जालोर



**कार्यालय नगर पालिका पीपाड़ शहर (जोधपुर) राज.**

Tel.- (02930) 233036 e-mail : municipality.pipar@gmail.com

क्रमांक : न.पा.पी./2024-25/1035 दिनांक 27.03.2025

**-: आपत्ति सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय मे निम्न आवेदनकर्ता ने मॉडल राजस्थान नगर पालिका पीपाड़ शहर भवन विनियम 2020 के तहत भवन निर्माण अनुमति हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उज्र एतराज हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस मे अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेजो सहित पालिका मे कार्यालय समय के दौरान प्रस्तुत कर सकते है। बाद म्याद गुजरने पर उज्र एतराज पर कोई विचार नही किया जायेगा। सूचित रहे। आवेदित भूमि के नाप एंव पड़ौस निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | निर्माण स्थान | क्षेत्रफल वर्गमीटर | उतर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नरसिंह राम कच्छावाह पुत्र श्री लाबुराम कच्छावाह निवासी चौलावतो का बेरा, पीपाड़ शहर | खसरा न. 1489 चौलावतो का बेरा | 126.43 | कोजाराम पुत्र केसाराम का मकान | निकाल व रास्ता | नारायणराम पुत्र देवाराम का मकान | निकाल व रास्ता |

राज.संवाद/सी/25/62 अधिशाषी अधिकारी